## खबर संक्षेप



### छात्रावास के लिए प्रदान की गई ज्ञानवर्धक पुस्तकें

**कटनी।** जिले के छात्रावासों में बालक एवं बालिकाओं में पठन पाठन के प्रति रुचि और भाषा का ज्ञान बढ़ाने के उद्देश्य से कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा नवाचार करते हुए जिले के शासकीय बालक - बालिका छात्रावासों में लाइब्रेरी विकसित करने किए जा रहे प्रयासों को प्रबुद्ध जनों से व्यापक समर्थन मिल रहा है। कलेक्टर द्वारा किए जा रहे नवाचार के सार्थक परिणाम सामने आने से उनकी इस अनुकरणीय मुहिम से निरंतर प्रबुद्ध जन जुड़ रहे हैं। इसी क्रम में कलेक्टर के नवाचार से प्रेरित होकर डॉ प्राची गुप्ता, द्वारा सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर अवि प्रसाद से मुलाकात की गई और उन्हें छात्रावास के बालक एवं बालिकाओं के लिए उत्कृष्ट, ज्ञानवर्धक और मनोरंजक सहित अन्य उत्कृष्ट साहित्य से जुड़ी लगभग दो दर्जन प्रसिद्ध पुस्तकें भेंट की। साथ ही डॉ प्राची गुप्ता द्वारा कलेक्टर के इस नवाचार की सराहना कर इसे छात्रावासी बालिकाओं के बौद्धिक विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम भी बताया

### सेन जयन्ती पर होंगे विविध आयोजन

**कटनी।** संत शिरोमणि सेनजी महाराज की जयंती के अबसर पर शहर में विविध आयोजन सेन समाज द्वारा किये जायेंगे इसी तारतम्य में युवा सेन समाज प्रगति संघटन कटनी अध्यक्ष शिवम सेन ने जानकारी देते हुए बताया कि वाहन रैली एवं शोभायात्रा मंगलबार शाम 4 बजे से खेर माई मंदिर कृषि उपज मंडी से शेर चोक स्थित सेन समाज मंदिर में समापन होगी व उसके बाद शाम 7 बजे से भजन संध्या एवं छात्र सम्मान समारोह का आयोजन मंदिर पर ही किया गया है सेन युवा संघटन द्वारा सेन समाज के सभी लोगो की कार्यक्रम में शामिल होने अपील की गई है।

### गेंहू उपार्जन की तिथि अब 20 मई तक

**कटनी।** राज्य शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा कृषकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेंहूँ उपार्जन हेतु किसान पंजीयन की अवधि बढ़ाकर अब 20 मई कर दी गई है, जो पूर्व में 15 मई तक निर्धारित थी। जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार ने बताया कि किसान पंजीयन की सुविधा एवं गेहूँ उत्पादक किसानों को समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय का अवसर प्रदान करने को दृष्टिगत रखते हुए किसान पंजीयन की अवधि 20 मई तक बढ़ाई गई है।

### 15 प्रतिष्ठानों को थमाया नोटिस, 7 दिनों के अंदर कार्यवाहियां पूर्ण करने के निर्देश

# अवैध मैरिज गार्डनों, रेस्टोरेंट और होटलों पर कसा शिकंजा, कार्यवाही की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से जल व वायु अधिनियम के अंतर्गत सम्मति प्राप्त नहीं करनें तथा अवैध रूप से होटल, रेस्टोरेंट एवं मैरिज गार्डन संचालन करने के संबंध मे कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश के परिपालन में मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा 15 प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किया गया है। साथ ही 7 दिवस के अंदर सभी कार्यवाहियां पूर्ण न होने की स्थिति में नियमानुसार कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई है।



फाईल फोटो

#### इन संस्थानों को जारी हुआ नोटिस

मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जिन 15 प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किया गया है उनमे मेसर्स गोलू रेस्टारेंट शांतिनगर माधवनगर गेट के सामनें, चौरसिया मैरिज गार्डन रामकृष्ण परमहंस वार्ड, विरासत मैरिज गार्डन आचार्य विनोवा भावे वार्ड, मंगलम मैरिज गार्डन आचार्य विनोवा भावे वार्ड, मुहूर्त मैरिज गार्डन जालपा देवी वार्ड, चौरसिया मैरिज गार्डन इंदिरा गांधी वार्ड, गुलमोहर मैरिज गार्डन राम मनोहर लोहिया वार्ड, जालपा मैरिज गार्डन , खरे मैरिज गार्डन, मधुर मिलन मैरिज गार्डन, बाल गंगाधर तिलक वार्ड, राज पैलेस होटल/रेस्टारेंट मण्डी रोड, पंजाबी मंडल धर्मशाला आचार्य कृपलानी वार्ड, सिंधु भवन धर्मशाला बाबा नारायण शाह वार्ड, संत बाबा आत्माराम धर्मशाला हेमूकालाणी वार्ड तथा दिव्यांचल मैरिज गार्डन महाराणा प्रताप वार्ड शामिल है।

#### इन नियमों का किया उल्लंघन

क्षेत्रीय अधिकारी मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पुष्पेन्द्र सिंह द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस में उल्लेखित किया है कि पूर्व मे इन दोनों प्रतिष्ठानों में होटल व रेस्टोरेंट के संचालन हेतु मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से सम्मति व लायसेंस प्राप्त करने के बाद ही होटल रेस्टारेंट इकाई का संचालन करने के लिए कहा गया था। इन सभी संस्थानों को एन.जी.टी के निर्देशों के अनुरूप मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से जल व वायु अधिनियम के अंतर्गत सम्मति प्राप्त करना अनिवार्य था। लेकिन समय- समय पर पत्र द्वारा दिये गए निर्देशों की अवहेलना करने की वजह से अंतिम बार निर्देशित किया जा रहा है कि मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से सम्मति व लायसेंस प्राप्त कर ही होटल व रेस्टोरेंट का संचालन करें। साथ ही जल एवं वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु प्रदूषण रोधी संयंत्र भी लगाना जरूरी है।

#### सम्मति लायसेंस प्रान्त करने हेतु करें आनलाईन आवेदन

इसी प्रकार इन दोनो संस्थानो द्वारा मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की बिना जल एवं वायु अधिनियम के अंतर्गत सम्मति व लायसेंस और उत्पादन सम्मति प्राप्त किये बिना ही संचालन किया जा रहा है, जो कि पर्यावरणीय अधिनियमों का उल्लंघन है। इसलिए सम्मति व लायसेंस प्राप्त करने हेतु पूर्ण तिथि एवं शुल्क सहित आवेदन बोर्ड की वेबसाईट मे एक्स.जी.एन के माध्यम से करने हेतु निर्देशित किया गया है।

इन सभी बिंदुओं पर सात दिवस के अंदर समस्त 15 प्रतिष्ठानों द्वारा कार्यवाही पूर्ण नहीं किये जाने की स्थिति में जल एवं वायु प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम के प्रावधानों के तहत नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

## कार की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बरही थाना क्षेत्र के पिपरिया सिनगोड़ी मार्ग पर रविवार देर शाम सिद्ध बाबा धाम के समीप बाइक सवार तीन युवकों को कार ने रौंद डाला। घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस ने घायलों के बयान के आधार पर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक सिनगौड़ी निवासी 25 वर्षीय छोटू केवट अपने दोस्त रामअवतार बर्मन एवं एक अन्य युवक के साथ दो पहिया वाहन से कहीं जा रहा था। वह जब सिनगौड़ी से लौट रहा था, इसी दौरान सिद्ध बाबा धाम के समीप सामने से आ रहे चार पहिया वाहन क्रमांक एमपी 20 सीके 0664 के चालक ने बाइक को जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में छोटू केवट की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाइक सवार राम अवतार एवं एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों को ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस द्वारा अस्पताल भिजवाया गया। घटना के बाद चार पहिया वाहन चालक मौके से भाग निकला। कार की नंबर प्लेट पर भाजपा युवा मोर्चा मंडल बड़वारा उपाध्यक्ष की पट्टी लगी हुई थी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने वाहन को जप्त कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

### पेड़ पर लटकी मिली युवक की लाश, हत्या का आरोप

**बरही।** थाना क्षेत्र के डोली रोड पर जंगल में पेड़ से लटका हुआ युवक का शव मिलने से सनसनी मच गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया और प्रकरण की जांच शुरू की। परिजनों ने युवक की हत्या कर शव फंदे में डालकर पेड़ में लटकाने का आरोप लगाया है। मृतक युवक ग्राम पंचायत तिमुआ सरपंच का भाई बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार डोली रोड पर जंगल में पेड़ से लटके शव को स्थानीय लोगों ने देखा तो घटना की सूचना पुलिस को दी। मृतक की पहचान बरही निवासी 40 वर्षीय हुकम पटेल के रूप में की गई है। मृतक ग्राम पंचायत तिमुआ सरपंच तीरथ पटेल का भाई है। बताया जाता है कि मृतक अपनी मां को असोढ़ गांव छोड़ने गया था। देर रात में उसका फोन बंद था। जब लोगों ने बताया कि डोली रोड पर एक युवक का शव पेड़ पर लटका है तब मौके पर जाकर देखा तो हुकुम की पहचान हुई।

### भू माफिया के रसूख को जेसीबी चलाकर किया नेस्तनाबूद

## पड़रवारा में 4 करोड़ की शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने, की गई कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला प्रशासन द्वारा ग्राम पड़रवारा में श्मशान भूमि के समीप की शासकीय भूमि से भू-माफिया के अवैध अतिक्रमण को जेसीबी मशीन चलाकर नेस्तनाबूद करने की कार्यवाही की गई।

यह कार्रवाई सोमवार को एस डी एम प्रदीप कुमार मिश्रा और तहसीलदार कटनी बी के मिश्रा के निर्देशन में ग्राम पड़रवारा की शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण को जेसीबी मशीन चलवाकर जमींदोज किया गया।



तहसीलदार श्री मिश्रा ने बताया कि राजस्व विभाग, नगर निगम और पुलिस प्रशासन के संयुक्त सहयोग से पड़रवारा ग्राम स्थित चांदमारी मोहल्ला में शमशान की भूमि पर हो रहे अवैध अतिक्रमण को हटाया गया । हल्का पटवारी अमित कनकने ने बताया कि यह अतिक्रमण खसरा नंबर 201 के 11ऽ62 हेक्टेयर रकवा में से साढ़े तीन एकड़ शासकीय भूमि पर था, जिसे अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इसके अलावा करीब पांच हजार वर्ग फुट में अवैध रूप से बने मकान को भी जमींदोज कर दिया गया।

तहसीलदार श्री मिश्रा ने बताया कि अतिक्रमण से मुक्त की गई शासकीय भूमि का अनुमानित बाजार मूल्य करीब 4 करोड़ रुपए है।

अतिक्रमण हटाने के दौरान राजस्व , पुलिस के अलावा नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता मौजूद रहा। इसके अलावा पटवारी अमित कनकने सहित माधव नगर पुलिस थाना का पुलिस बल और 100 डायल का भी अमला कार्यवाही के दौरान उपस्थित रहा।

### सुरक्षा बलों को मुस्तैद रह कर, चाक-चौबंद निगरानी के दिए निर्देश



**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने सोमवार की शाम कृषि उपज मंडी पहरुआ परिसर स्थित स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा में रखी गई ईव्हीएम , व्हीव्हीपेट मशीनों के स्थल का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर श्री प्रसाद ने निरीक्षण के दौरान सीसी टी व्ही कैमरों एवं एल ई टीव्ही की जांच की जाकर मुस्तैद सुरक्षा प्रहरियों को सुरक्षा व्यवस्था को चाक -चौबंद रखने के निर्देश दिए। बताते चलें की कटनी के कृषि उपज मंडी परिसर में स्ट्रांग रूम में जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों क्रमशः बडवारा,मुड़वारा, बहोरीबंद और विजयराघवगढ़ का स्ट्रांग रूम बनाया गया हैं। शहडोल लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बडवारा विधानसभा क्षेत्र में 19 अप्रैल को मतदान हो चुका है और खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली तीन विधानसभा क्षेत्रों में 26 अप्रैल को मतदान हुआ है।इनकी कड़ी निगरानी और सुरक्षा के लिए चौबीसों घंटे सुरक्षा बलों द्वारा पहरेदारी की जा रही है।

## आटो से घर जा रहे किशोर पर नशेड़ी ने बोतल फोड़कर किया जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बस स्टैंड चौकी से चंद कदमों की दूरी पर गत दोपहर नशे में चूर एक शराबी ने उत्पाद मचाते हुए बियर की बोतल फोड़कर एक किशोर पर जानलेवा हमला कर दिया शराबी के हमले के कारण किशोर के गले में गंभीर चोट आई है। घायल को इलाज के लिए शासकीय जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



बस स्टैंड चौकी के अंतर्गत चौकी से चंद कदम की दूरी पर मौजूद गैस एजेंसी के पास रविवार की दोपहर लगभग 12:30 बजे शराबी युवक अनिल ने ऑटो से अपने घर जा रहे सभागंज थाना आमदरा निवासी 16 वर्षीय किशोर के ऊपर बियर की बोतल फोड़ कर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में किशोर के गले में गंभीर चोटे आई हैं, जिसे गंभीर हालत में वहां मौजूद ऑटो चालक ने जिला अस्पताल पहुंचाया।

बस स्टैंड परिसर एवं शराब दुकान के आसपास इन दिनों शराबियों का जमघट लगा रहता है। बस स्टैंड के करीब मौजूद शराब दुकान के सामने हर समय खुलेआम सड़क किनारे दर्जनों की संख्या में शराबियों को शराब का सेवन करते आसानी से देखा जा सकता है। नशे में चूर यह शराबी आए दिन किसी न किसी के साथ मारपीट अभद्रता करते दिखाई देते हैं। लेकिन बस स्टैंड आने-जाने वाले लोगों को शराबियों के उत्पादन के कारण हो रही असुविधा पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस कोई प्रयास करती नजर नहीं आती।




### कलेक्टर के आदेश का उल्लंघन करने पर की गई कार्यवाही

## बिना अनुमति अवैध बोर खनन करने पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

सुप्रीम कोर्ट की गाईडलाइन तथा कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जारी कटनी जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित करने के आदेश का पालन नहीं करने पर बरही पुलिस थाना में एफ.आई.आर दर्ज कराई गई है। यह प्राथमिकी बोरिंग मशीन के वाहन मालिक अशोक कुमार चक्रवर्ती पिता राम गोपाल चक्रवर्ती निवासी के विरूद्ध दर्ज की गई है। अवैध बोर खनन करने वाले बोरिंग मशीन वाहन को जब्त कर बरही पुलिस चौकी की अभिरक्षा मे रखा गया है। जिले मे वर्तमान में मप्र पेयजल परिरक्षण अधिनियम लागू होने के कारण बिना अनुमति नलकूप खनन पाये जाने वाली फर्म, ठेकेदारों, खनन एजेंसी और व्यक्तियों व संस्थाओं पर कार्यवाही हेतु सुप्रीम कोर्ट द्वारा भी गाईडलाइन जारी की गई है। एमपी ई-सर्विस पोर्टल के माध्यम से अनुमति हेतु आनलाइन आवेदन का प्रावधान है। अनुमति मिलने के बाद ही खनन कार्य कराया जाना था। साथ ही भूमिगत स्त्रोंतों से जल प्राप्त करने हेतु नलकूपों का खनन कार्य करने के बाद जिन



नलकूपों में जलआवक क्षमता प्राप्त नहीं होती है या कम प्राप्त होती है उन नलकूपों को सुरक्षित किये बिना खुला छोड दिया जाता है जो छोटे बच्चों के गिरने का कारण बनते है जो गाईडलाइन का उल्लंघन है।

कलेक्टर ने हाल ही मे बीते 28 मार्च को एक आदेश जारी कर जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया था। इसके तहत कोई भी व्यक्ति स्वयं अथवा प्राईवेट ठेकेदार वाहन मालिक अपर कलेक्टर से पूर्व अनुज्ञा प्राप्त किये बिना किसी भी प्रयोग के लिए नवीन नलकूप का निर्माण नहीं कर सकेंगा। इसी आदेश के उल्लंघन पर बरही थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

कटनी जिला अंतर्गत तहसील बरही के अंतर्गत ग्राम गढ़ौहा पटवारी हल्का नंबर 08 रा.नि.म. बरही मे विगत दिवस बोरिंग मशीन वाहन क्रमांक के.ए. 01 एम.जे. 9063 से वाहन मालिक अशोक कुमार पिता राम गोपाल चतुर्वेदी द्वारा बसंतीदेवी कुशवाहा के खेत में बोरिंग करनें की शिकायत प्राप्त होने पर नायब तहसीलदार नरेन्द खरें, सहायक उपनिरीक्षक महेश प्रताप सिंह एवं हल्का पटवारी द्वारा मौके पर जांच कर पंचनामा तैयार किया गया। जिसमे कलेक्टर द्वारा हाल ही में जारी जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित करने के आदेश का स्पष्टतः उल्लंघन पाया गया।

#### इन धाराओं में मामला दर्ज

सुप्रीम कोर्ट की गाईडलाईन एवं कलेक्टर के आदेश का उल्लंघन करनें पर सहायक उपनिरीक्षक महेश प्रताप सिंह द्वारा बरही पुलिस थाना मे बोरिंग मशीन के वाहन मालिक अशोक कुमार चतुर्वेदी के विरूद्ध मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 3/9 एवं और 4/9 तथा भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिसका नंबर 0309 दर्ज कराई गई है।

## खबर संक्षेप

### 14 वर्षों से फरार वारंटी को किया गिरफ्तार

**कटनी।** चोरी के एक मामले में पिछले 14 वर्षों से फरार चल रही स्थाई वारंटी को जीआरपी पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। वारंटी की गिरफ्तारी को लेकर जानकारी देते हुए जीआरपी थाना प्रभारी अरुणा वाहने ने बताया कि 5 मई 24 को न्यायालय श्रीमती पूर्णिमा सिंह बघेल जेएमएफसी न्यायालय कटनी के प्रकरण क्रमांक 3184/10 अपराध क्रमांक 169/10 धारा 379, 356, 34 आईपीसी के स्थाई वारंटी सीता घसिया पिता नीरज घसिया निवासी महेंद्रगढ़ जिला कोरिया एवं स्थाई वारंटी सुमन उर्फ लक्ष्मी उर्फ बबली घसिया पिता राजेश घसिया निवासी महेंद्रगढ़ थाना महेंद्रगढ़ जिला कोरिया छत्तीसगढ़ की तलाश करते स्थाई वारंटी की सकुनत पर पहुंचे। स्थाई वारंटी सकुनत पर दस्तयाब हुई, जिन्हें विधिवत अभिरक्षा में लेकर गिरफ्तार कर न्यायालय कटनी के समक्ष पेश किया गया। स्थाई वारंटी को तामील करने में थाना जीआरपी कटनी निरीक्षक अरुणा वाहने, सहायक उप निरीक्षक निर्दोष टोप्पो, प्रधान आरक्षक राघवेंद्र शर्मा, आरक्षक सरफराज खान, महिला आरक्षक ज्योति तिवारी, चौकी जीआरपी अनूपपुर से महिला आरक्षक प्रीति विश्वकर्मा, थाना मनेंद्रगढ़ स्टाफ प्रधाना आरक्षक मुनेश्वर राम भगत, उत्तर कुमार, म. आरक्षक दिनको तिर्की की सराहनीय भूमिका रही।

### विश्व रेडक्रास दिवस कल

**सतना।** विश्व रेडक्रास दिवस 8 मई को मनाया जायेगा। सचिव इंडियन रेडक्रास सोसायटी डॉ अरुण त्रिवेदी ने बताया कि इस अवसर पर चंद्राशय नीमी सतना में प्रातः 9:30 बजे से वृद्धजनों की देखभाल एवं स्वास्थ्य रक्षा के लिये स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

### दूरभाष क्रमांक 07672-223211 पर दी जा सकती है अग्नि दुर्घटना की सूचना

**सतना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अनुराग वर्मा ने सतना जिला अंतर्गत ग्रीष्मकाल के दौरान होने वाली अग्नि दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिये संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन सतना के प्रथम तल पर कक्ष क्रमांक एफ-19 में जिला स्तरीय कंट्रोल रुम स्थापित किया है। जो 19 अप्रैल से कार्यरत है। कंट्रोल रुम के दूरभाष क्रमांक 07672-223211 पर जिले में अग्नि जनित घटनाओं की सूचना दी जा सकती है। यह कंट्रोल रूम 10 जून तक निरंतर कार्यरत रहेगा।

### पुलिस की मार से निराश नाबालिग ने लगाई फांसी, मौत

**कोतमा।** थांना अंतर्गत सिलपुर गांव में 15 वर्षिय नाबालिक ने फांसी लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। आत्महत्या का कारण परिवारजनों ने बताया कि 100 डायल में गांव आई हुई पुलिस द्वारा म्रतक है पी प्रजापति पिता माखन प्रजापति को मोबाइल से वीडियो बनने से मना करने और मोबाइल छीन लेने वा पुलिस द्वारा नाबालिक को मारने के कारण म्रतक नाबालिक निराश होगया पुलिस की मार के कारण मृतक नाबालिक विक्षिप्त व ग्लानि से घर मे आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिसके बाद कोतमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां बच्चे को मृतक घोषित किया गया है।

### नव विवाहिता ने लगाई फांसी

**भालूमाड़ा।** भालूमाड़ा थाना अंतर्गत ग्राम चोंडी में एक नव विवाहिता ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतिका राधिका केवट पति जमुना केवट का विवाह लगभग 1 वर्ष पूर्व समीप ही ग्राम प्यारी में हुआ था। बताया गया की 5 तारीख की रात घर के सभी लोग खाना पीना खाकर सोने चले गए।

## प्रतिबंध के बावजूद भी रात को किए जा रहे बोर, नहीं हो रही कार्रवाही

# रात के अंधेरे में रोजाना धड़ल्ले से बोरिंग मशीनों से किए जा रहे बोर, रेट भी बढ़ा दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढ़ीमरखेड़ा

तहसील क्षेत्र ढीमरखेड़ा में इन दिनों अवैध रूप से बोर बैल्स की मशीनें संचालित हो रही हैं। जिले में जल संकट से निपटने और भूजल स्तर को गिरने से रोकने के लिए कटनी कलेक्टर ने बड़ा फैसला लिया है। इसके तहत अब जिले में अशासकीय और निजी नलकूप खनन पर रोक लगा दी गई है, यानी कि अब आप अपनी मर्जी से बोर नहीं करा सकेंगे।

कलेक्टर के आदेशों के मुताबिक जिले की सीमाओं में कोई भी बोरिंग मशीन सार्वजनिक मार्गों को छोड़कर प्रवेश नहीं कर सकेगी और ना ही कोई नलकूप खनन कर सकेगी। लिहाज़ा कटनी कलेक्टर के आदेशों के मुताबिक बोर करने पर रोक लगाई गई है। ये फैसला गिरते जल स्तर को देखते हुए लिया गया है। कलेक्टर के आदेश के मुताबिक अगर कोई बोरिंग मशीन बोर करते पाई गए तो उस पर एफआईआर दर्ज की जाएगी, साथ ही 2000 रुपये का जुर्माना और 2 साल की जेल तक सजा हो सकती है।



*गर्मियों के दिनों में नहीं होंगे बोर*

गिरते जल स्तर को बचाने के लिए कटनी कलेक्टर अवि प्रसाद ने राजस्व की अनुमति के बगैर नलकूप या बोर करने पर रोक लगा दी है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति निजी बोर नहीं करा सकता है। इसके लिए बोरिंग मशीनों को सार्वजनिक मार्गों को छोड़कर प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी।

**जल स्तर गिरने से बचाना**

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि नवीन निजी नलकूपों के खनन पर प्रतिबंध लगाया जाना आवश्यक है। पेयजल संकट की स्थिति का परीक्षण किये जाने पर यह परिलक्षित हुआ है कि यदि जिले में निजी नलकूप खनन पर प्रतिबंध नही लगाया तो ग्रीष्मकाल में जिले में गंभीर पेयजल संकट उत्पन्न होने की संभावना है। ये फैसला मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 और संशोधन अधिनियम 2002 (अधिनियम) के तहत लिया गया है।

**धड़ल्ले से संचालित मशीनें**

बोर बैल्स की गाड़ियों में प्रशासन के जिम्मेदारों का हाथ रखा हुआ है तभी तो कार्यवाही करने में परहेज किया जा रहा है। अनेकों जगह में गाड़ी पकड़ी गईं तो कार्यवाही करने में परहेज किया गया। लिहाज़ा कार्यवाही करने में अनेकों प्रकार के बहाना बनाएं जा रहे हैं, जैसे ही ध्यान हटा तो लेन - देन करके गाड़ी को छोड़ दिया जाता हैं सोचा जा सकता हैं कि इनके ऊपर प्रशासन का ऐसा हाथ रखा हुआ हैं कि सीधे आम नागरिक कलेक्टर को जानकारी तलब करता हैं तब कार्यवाही होती हैं। स्थानी प्रशासनिक अधिकारियों का खुलेआम संरक्षण मिल रहा है सूचना देने के बावजूद भी कार्यवाही करने से अधिकारी कतरा रहे हैं क्योंकि बोरिंग मशीन वालों के ऊपर स्थानीय अधिकारी कर्मचारियों का सहयोग मिल रहा है जिले में प्रतिबंध लगाते ही अधिकारियों को कमाई का एक जरिया मिल गया है

## तहसीलदार के आदेश का पालन करवाने में विभाग नाकाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

शासकीय चारागाह मद की भूमि से कब्जा धारी का कब्जा हटाने में राजस्व निरीक्षक तथा हल्का पटवारी की भूमिका पर सवालियां निशान लग रहे है।

न्यायालय तहसीलदार बड़वारा के रा0 प्र0 क्र0-0013/ अ-68/2023-24 के आदेश दिनांक 01.04.2024 के पालन के सम्बंध में बड़वारा तहसीलदार के द्वारा अनावेदक नर्मदा प्रसाद पिता कन्धई कोल शाकिन जगतपुर उमरिया के द्वारा शासकीय चारागाह मद की भूमि खसरा नम्बर 216, रकवा 0.65 है0 इसी जमीन से होकर नहर भी निकली है जिस पर कुछ लोगों के द्वारा मिट्टी भर कर (भांटकर) मकान बना लिया गया है जल संसाधन विभाग के एसडीओ ने जगतपुर उमरिया एवं अन्य जगहों पर नहर से कब्जा हटाने के लिए आवेदन तहसील बड़वारा में दिया गया है नहर में कब्ज हो जाने से जल बहाव पूरी तरह बंद हो चुका है एवं तालाब भरने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है बरसात का महीना आने वाला है लेकिन अधिकारियों के कान में जू तक नहीं रेंग रही, इसी के अंश भाग रकवा 0.04है0 भूमि पर अनाधिकृत रूप से मकान एवम बाउंड्रीबाल का निर्माण करवा कर बेजा कब्जा किया गया है। जिसे भू राजस्व संहिता में दिए गए प्रावधानों के अनुसार 500/-रुपये, शब्दों में पांच सौ रुपये का अर्थ दंड आरोपित कर बेजा कब्जा की भूमि से बेदखल करने का आदेश पारित किया गया है। राजस्व निरीक्षक को अनावेदक नर्मदा प्रसाद को वाद भूमि से बेदखल करवाकर की गई कार्रवाई से तहसीलदार बड़वारा को अवगत करवाने को आदेशित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि जब बड़वारा तहसीलदार द्वारा राजस्व निरीक्षक बड़वारा को शाकिन जगतपुर उमरिया में अनावेदक नर्मदा प्रसाद कोल को वाद भूमि पर किये गए कब्जा को हटवाकर बेदखल करबाने के लिए आदेश पारित किया गया है तो फिर उन्हीं के अधीनस्थ राजस्व निरीक्षक एवम हल्का पटवारी के द्वारा अब तक अनावेदक नर्मदा प्रसाद के द्वारा किये गए अवैध कब्जे को हटवाने में किसी भी प्रकार की कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है इसके अनावेदक के ऊपर कार्यवाही करने में स्थानीय प्रशासन क्यों हिमाकत नही कर पा रहा है यह एक गम्भीर प्रश्न बनकर सन्देह को जन्म देता है।

## गाताखेड़ा में श्रीमद भागवत कथा का हो रहा आयोजन

# जब जब धरा में अधर्म, अनाचार बढ़ता है तब तब अवतरित होते हैं श्री भगवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

गाताखेड़ा गांव में चल रही श्रीमदभागवत ज्ञानयज्ञ कथा के चतुर्थ दिवस भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य उत्सव मनाया गया। इस मौके पर कथा वाचक आचार्य पं ब्रजेश कृष्ण शास्त्री के सानिध्य में भगवान के जन्मोत्सव का कथा रस बरसा। बालकृष्ण की सुंदर झांकी देख श्रद्धालु विभोर हो गए। जन्मोत्सव के खास अवसर के लिए कथा पांडाल को गुब्वारों और फूलों से सजाया गया। नन्हें मुन्हें बच्चे भी कृष्ण रूप में श्रद्धालुओं को लुभा रहे थे। वसुदेव जब डलिया में बाल कृष्ण को डलिया में लेकर निकले तो उनकी एक झलक पाने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ मच गई। श्रद्धालु कृष्णभक्ति में विभोर होकर नाच उठे।

आचार्य ब्रजेश शास्त्री ने धर्म सभा मे कहा जब जब धरा में धर्म की हानि होती अत्याचार अनाचार बढ़ जाता हैं तब तब निराकार ब्रह्म साकार रूप में धरती पर आते हैं और दुष्टों का नाश कर धर्म की पताका फहराते हैं। महाराज श्री ने कथा का गूढ़ रहस्य समझाते हुए कहा इस धरती में माता पिता ही हमारे भगवान हैं। बगैर इनकी पूजा किए आप कोई भी तीर्थ जाओ तो वहाँ मंदिर तो दिख जाएगा पर मंदिर में बैठे हुए वांके विहारी नही दिखेंगे। अगर मंदिर में बैठे विग्रह में ईश्वर के दर्शन चाहते हो तो घर मे बैठे माता पिता अथवा गुरू की सदैव शरण मे रहो। दिव्य कथा में संध्याकालीन आरती कर कथा को विश्राम दिया गया व प्रसाद का वितरण किया गया।



इस दौरान मुख्य श्रोता ओंकार प्रसाद मिश्रा, श्रीमती गायत्री देवी मिश्रा एवं गाता खेड़ा सहित आसपास के ग्रामों के सैकड़ों भक्त माताएं बहने युवा बुजुर्ग भक्त रस का पान कर रहे है।

## लक्ष्य निर्धारित कर कार्य में प्रगति लाने के निर्देश



निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल के द्वारा रविवार को माई नदी में चल रहे पुनर्जीवन कार्य के तहत विभिन्न घाट जैसे बैलेट घाट,अग्रवाल घाट का निरीक्षण कर युद्ध स्तर में विभिन्न मशीनों हेतु लक्ष्य निर्धारित कर कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिये। इसी क्रम में श्री शुक्ल द्वारा केसीएस शाला परिसर में निर्माणाधीन ई-लाइब्रेरी का निरीक्षण कर सम्बन्धित ठेकेदार और इंजीनियर को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्य को पूरी गंभीरता व मौके पर मौजूद रहकर कराएं,वहीं निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान रखें। निरीक्षण के अगले क्रम में माधवनगर उपकार्यालय में चल रहे फायर स्टेशन निर्माण कार्य की धीमी प्रगति को देखते हुए निगमायुक्त ने संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करने के लिए कार्यपालन यंत्री को आदेशित किया। कटाएघाट रोड स्थित दुगाड़ी नाला पर पुल निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए समयसीमां में कार्य पूर्ण करने के निर्देश निगमायुक्त द्वारा दिए गए।

# बड़वारा में पदस्थ संविदा विकासखंड कम्युनिटी मोबिलाइजर की सेवाएं समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की संचालक प्रियंका दास ने जिले के बड़वारा विकासखंड में पदस्थ संविदा विकासखंड कम्युनिटी मोबिलाइजर श्रीमती प्रेमलता माझी को शासकीय कार्य में लापरवाही को लेकर उनकी सेवाओं को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया है राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने सीएमएचओ कटनी डॉक्टर आरके अठ्या की अनुशंसा पर यह कार्रवाई की।

सीएमएचओ आरके अठ्या ने पत्र के माध्यम से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को अवगत कराया की श्रीमती प्रेमलता माझी संविदा विकासखंड कम्युनिटी मोबिलाइजर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा में सितंबर 2021 से कार्यरत हैं इनको आशा कार्यक्रम का राज्य स्तर व जिला स्तर पर समीक्षा बैठक, कार्यशाला, वीडियो कांफ्रेंस का प्रशिक्षण दिया गया है किंतु उनके कार्य में दक्षता कौशल जिम्मेदारी जवाबदेही परिलक्षित नहीं हुई जिले या राज्य द्वारा जो भी कार्य दिए जाते हैं उन कार्यों की प्रमुख परफॉर्मेंस शून्य होने से विकासखंड के कार्य एवं प्रगति प्रभावित होती हैं तथा विकासखंड को नोटिस जारी होते हैं बड़वारा बीएमओ डॉ अनिल झामनानी ने भी श्रीमती प्रेमलता मांझी को दिए गए नोटिस एवं जिला स्तर से दिए गए फीडबैक के आधार पर सेवाओं से पृथक किए जाने के अनुशंसा की है इसके पहले बड़वारा बीएमओ डॉ अनिल झामनानी ने श्रीमती प्रेमलता मांझी को अनेकों बार नोटिस दिया किंतु उनके कार्य में सुधार नहीं आया इन्हें किसी भी कार्यक्रम योजनाओं की समझ नहीं है इनके व्यवहार में नोटिस देने के बावजूद कोई भी सुधार नहीं हुआ कंप्यूटर संबंधी कार्य करने में भी बीसीएम प्रेमलता मांझी असमर्थ हैं इनके पास व्यावहारिक एवं सामान्य ज्ञान की बहुत कमी है बीसीएम के कार्य दायित्व जिम्मेदारी एवं जवाब देही की योग्यता नहीं है बीसीएम पर कार्य करने की योग्यता नहीं है। विकास खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल झामनानी द्वारा दिए गए समस्त नोटिस एवं जिला स्तर से दिए गए फीडबैक केआधार पर इन्हें तत्काल बीसीएम के पद से पृथक किया जाए। शिकायतों के आधार पर नेशनल हेल्थ मिशन ने पाया कि बीसीएम श्रीमती प्रेमलता मांझी संविदा विकासखंड कम्युनिटी मोबिलाइजर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा का कृत्य कदाचरण की श्रेणी में आता है इसलिए श्रीमती प्रेमलता मांझी संविदा विकासखंड कम्युनिटी मोबिलाइजर स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा की संविदा सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त की जाती है।

## साबुन से हाथों की सफाई कर बताया हाथ स्वच्छता का महत्व, बताए तरीके

# छात्र छात्राओं ने मनाया विश्व हाथ स्वच्छता दिवस, स्वास्थ्य के प्रति किया गया बच्चों को जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढ़ीमरखेड़ा

शासकीय महाविद्यालय उमरियापान में रविवार को विश्व हाथ स्वच्छता दिवस मनाया गया। सीएमसीएलडीपी के छात्र छात्राओं को हाथ स्वच्छता का महत्व बताया गया। बीएसडब्ल्यू प्रथम वर्ष की छात्रा आकृति मौर्य ने हाथों की सफाई के सभी सात चरण बताये। हाथ में साबुन लगाकर सफाई किया उपस्थित छात्रों को भी हाथों की सफाई कराई।

छात्रा ने बताया कि अपने हाथों को साफ, बहते पानी से गीला करें।नल बंद कर दें और साबुन ठीक से लगा लें।अपने हाथों पर साबुन लगाएं और अपने हाथों और कलाइयों को ढकने के लिए पर्याप्त साबुन लगाएं। अपने हाथों के पिछले हिस्से, उंगलियों के बीच और अपने नाखूनों के नीचे न चूकें।कम से कम 20 सेकंड तक रगड़ें। अब नल खोलें और हाथ धो लें। इन्हें साफ तौलिए से सुखाएं। सेक्टर प्रभारी अंकित झारिया ने बताया कि 2009 में शुरू किए गए इस अभियान का उद्देश्य विश्व स्तर पर हाथ की स्वच्छता के समर्थन में 'लोगों को एक साथ लाना' है। वर्ष 2024 का विषय है हाथ की स्वच्छता सहित संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण पर नवीन व प्रभावशाली प्रशिक्षण एवं शिक्षा के माध्यम से स्वास्थ्य और देखभाल कर्मियों के ज्ञान और क्षमता निर्माण को बढ़ावा देना।₹ सेक्टरप्रभारी प्रकाशनाथ साहू ने बताया कि इस वैश्विक आयोजन का उद्देश्य बीमारियों और संक्रमणों के प्रसार को रोकने में हाथ की स्वच्छता के महत्व को बढ़ावा देना है। विश्व हाथ स्वच्छता दिवस लोगों को हाथ की स्वच्छता का पालन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करता है। परामर्शदाता शैलेश दुबे,सुमित सिंह ठाकुर, सुरेश दुबे, धर्मेन्द्र गर्ग, अमर सिंह जोगी ने बताया कि हाथ वॉशरूम इस्तेमाल करने के बाद धोना चाहिए। इसके अलावा जब आप खाना बनाने जा रहे हैं इससे पहले हाथ को पानी से धोकर भी बनाएं। यहीं नहीं जानवरों को छूने के बाद, खाना खाने से पहले, नाक साफ करने और छींकने, खांसने के बाद हाथ धोना चाहिए।घर की सफाई करने या कचरा छूने के बाद भी हाथ का धोना बेहद जरूरी होता है।खाद्य पदार्थों और पेय पदार्थों का सेवन करने से पहले,दवा लेना या किसी घाव का इलाज करने के बाद,शौचालय का उपयोग करने के बाद,डायपर बदलना या बच्चे को संभालना हो तो इसके बाद हाथों की सफाई जरूरी है। अगर आप बाहर से आ रहे हैं तो भी अपने हाथों को जरूर धोएं।



## जिले के सीएम राइज स्कूलों के 12 वीं के परीक्षा परिणाम में 62 फीसदी हुआ सुधार

# 50वें स्थान की जगह 9वें स्थान पर प्रदेश के टॉप टेन में शामिल हुआ जिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के सभी सी एम राइज स्कूलों के हायर सेकेण्डरी बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में पिछले साल की तुलना में इस साल 62.44 प्रतिशत तक की अभूतपूर्व बढ़ोत्तरी हुई है। बोर्ड परीक्षाओं के पिछले साल के खराब परीक्षा परिणाम को देखते हुए इस साल कलेक्टर श्री अवि प्रसाद की कोशिशों ने नया कीर्तिमान रच दिया। 12वीं के परीक्षा परिणाम के मामले में बीते साल प्रदेश में 50 वें स्थान पर रहने वाला कटनी जिला इस साल ऊंची छलांग लगा कर पूरे प्रदेश में 9 वें स्थान पर पहुंच गया।कलेक्टर के मार्गदर्शन में इस साल जिले के बोर्ड परीक्षा परिणाम को बेहतर करने विशेष कार्ययोजना के तहत पाठ्यक्रम आधारित मिशन -45 आधार बुकलेट और फाइनल -30 के माध्यम से छात्रों को गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री उपलब्ध करा कर , इसी के अनुरूप छात्रों को परीक्षा की तैयारी कराई गई।



**सीएम राइज 12वीं का परिणाम**

जिले के सीएम राइज स्कूल करेला ने कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम के मामले में इस साल रिकॉर्ड 62.44फीसदी की वृद्धि के साथ ऊंची छलांग लगाई है । पिछले साल यहां का 12 वीं कक्षा का परिणाम मात्र 33.9 फीसदी रहा,जो इस साल बढ़ कर 96.36 प्रतिशत हो गया है।इसी प्रकार सी एम राइज स्कूल बडवारा के परिणाम में भी जादुई सुधार हुआ है । पिछले साल की तुलना में यहां के परीक्षा परिणाम में इस साल 44.40प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। पिछले साल बडवारा स्कूल का परीक्षा परिणाम 42.86फीसदी रहा,जो इस साल बढ़ कर 87.25 प्रतिशत हो गया है। आश्चर्यजनक रुप से सी एम राइज स्कूल रीठी का इस साल का परीक्षा परिणाम सौ- फीसदी रहा । यहां के सभी 71 छात्र उत्तीर्ण हो गये हैं। जबकि पिछले साल यहां का परीक्षा परिणाम 74.47प्रतिशत ही रहा था। सीएम राइज स्कूल कारीतलाई ने अपने बीते साल के परीक्षा परिणाम 55.45 प्रतिशत में इस साल जबरदस्त सुधार किया है। यहां का इस वर्ष का परीक्षा परिणाम 82.18प्रतिशत रहा। जिसमें बीते साल के परीक्षा परिणाम की तुलना में 26.73 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है। जबकि सीएम राइज स्कूल बहोरीबंद का इस साल का कक्षा 12वीं का परिणाम 97.92प्रतिशत रहा, जो पिछले साल 65.22प्रतिशत रहा। इस प्रकार बहोरीबंद स्कूल के परीक्षा परिणाम में 32.70 फीसदी का इज़ाफा हुआ है।

सीएम राइज स्कूल कटनी के 12 वीं के इस वर्ष के परीक्षा परिणाम में करीब 15 फीसदी की वृद्धि हुई है। पिछले साल यहां का परिणाम 79.31 प्रतिशत रहा था, और इस वर्ष यहां का परिणाम सुधर कर 94.32 प्रतिशत आया है।

**10वीं के परीक्षा परिणाम में भी बड़ा सुधार**

सीएम राइज स्कूलों के दसवीं के परीक्षा परिणाम में भी 3 फीसदी से लेकर 26 प्रतिशत तक का जबरदस्त सुधार परिलक्षित हुआ है। सी एम राइज स्कूल करेला के दसवीं कक्षा के

# नेशनल लोक अदालत 11 मई को



सतना।

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतना अजय श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में नेशनल लोक अदालत 11 मई 2024 को जिला एवं तहसील स्तर पर आयोजित की जायेगी। नेशनल लोक अदालत के आयोजन को सफल बनाने सोमवार को एडीआर भवन में बैंक के अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं के मध्य पूर्व तैयारी बैठक संपन्न हुई। बैठक में विशेष न्यायाधीश प्रशांत कुमार निगम ने कहा कि आगामी नेशनल लोक अदालत के माध्यम से प्रिलिटिगेशन संबंधी प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। इस संबंध में बैंकवार अधिकारियों से चर्चा करते हुये प्रिलिटिगेशन के प्रकरणो में अधिक से अधिक नोटिस जारी करने के लिये निर्देशित किया। जिससे नेशनल लोक अदालत के माध्यम से बैंक से संबंधित प्रकरणों का अधिकाधिक संख्या में निराकरण किया जा सके। उन्होने कहा कि नेशनल लोक अदालत के आयोजन सफल बनाने सभी लोग आपसी समन्वय के साथ काम करें और आवश्यक सहयोग प्रदान करें। इस मौके पर न्यायाधीश विश्वदीपक तिवारी,सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण पावस श्रीवास्तव,विधिक सहायता अधिकारी मुहम्मद जिलानी सहित बैंक के अधिकारी एवं अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## हायर सेकेंडरी एवं हाईस्कूल पूरक परीक्षा के आवेदन 7 जून तक

**पन्ना।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल, भोपाल द्वारा वर्ष 2024 की हायर सेकेण्डरी एवं हाईस्कूल सर्टिफिकेट पूरक परीक्षा के आवेदन पत्र 1 मई से भरने शुरु हो गये हैं। हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी (पूरक परीक्षा) के आवेदन परीक्षा प्रारंभ होने के एक दिवस पूर्व तक भरे जा सकेगें। पुर्नगणना के फलस्वरूप परीक्षा परिणाम परिवर्तन होने पर इस योजना का लाभ प्राप्त करने वाले छात्र परीक्षा प्रारंभ होने के एक दिवस पूर्व अर्थात 7 जून तक परीक्षा आवेदन भर सकेंगे। पूरक परीक्षा के आवेदन पत्र ऑनलाईन भरने की विस्तृत प्रक्रिया माध्यमिक शिक्षा मण्डल की ऑफिशियल वेबसाईट पर उपलब्ध है।

## गेंहू उपार्जन के लिये किसान बुक कर सकते हैं अपने स्लॉट

**पन्ना।** किसानों को उनकी उपज का अधिकतम दाम देने के लिए शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर फसल का उपार्जन किया जाता है। पंजीकृत किसानों से जिले के निर्धारित खरीदी केन्द्रों में गेंहू का उपार्जन कार्य जारी है। किसान गेंहू के बिक्री का दिनांक तथा समय एमपी ई-उपार्जन डॉट एनआईसी डॉट इन पोर्टल पर स्वयं बुक कर सकते हैं। किसान सबसे पहले ई-उपार्जन पोर्टल पर उपार्जन की लिंक क्लिक करें। इसमें स्लॉट बुकिंग का विकल्प दिखेगा। किसान अपना पंजीयन कोड दर्ज करें। कोड दर्ज करने पर पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर ओटीपी प्राप्त होगा। ओटीपी दर्ज करने के बाद किसान तहसील, उपार्जन केन्द्र तथा उपज बिक्री का दिनांक दर्ज करें। इसके बाद स्लॉट बुक पर सबमिट करें। पोर्टल पर पंजीकृत किसान द्वारा बुक किए गए स्लॉट की जानकारी प्रदर्शित होगी। इसका प्रिंट निकाला जा सकता है। किसान अपने पंजीकृत एन्ड्रॉयड फोन, लोक सेवा केन्द्र, ग्राम पंचायत, एमपी ऑनलाइन के कियोस्क सेंटर, उपार्जन केन्द्र तथा इंटरनेट कैफे का उपयोग कर गेंहू उपार्जन के लिए स्लॉट बुक कर सकते हैं। किसान द्वारा बुक किए गए स्लॉट की वैधता तीन कार्य दिवस की होगी। शासन द्वारा गेंहू उपार्जन की अंतिम तिथि 20 मई निर्धारित की गई है।

## अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने के लिए निर्देश जारी

**पन्ना।** अक्षय तृतीया के अवसर पर प्रायः अत्यधिक संख्या में विवाह संपन्न होते हैं। जिसमें बाल विवाह होने की अधिक संभावनाएं होती हैं। अक्षय तृतीया पर बाल विवाह जैसी कुरीति को रोकने के लिये शासन स्तर से प्रदेश के समस्त जिला कलेक्टर्स को दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। महिला बाल विकास विभाग मध्यप्रदेश द्वारा जिला कलेक्टरों से कहा गया है कि बाल विवाह की सूचना प्राप्त करने के लिये प्रत्येक वार्ड एवं ग्राम में सूचना तंत्र गठित कर सक्रिय किया जाये।

### वैशाख महीने में शिवलिंग पर जल चढ़ाने से प्राप्त होती है शिव जी की विशेष कृपा

# वैशाख माह के दूसरे सोमवार जल चढ़ाने उमड़ी भक्तों की भारी भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



वैशाख में भगवान विष्णु के साथ शिवजी की पूजा का भी विशेष महत्व बताया गया है। आज वैशाख माह की दूसरे सोमवार को बुंदेलखंड के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल देव श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में दिव्य और भव्य शिव लिंग पर जल चढ़ाने के लिए भक्तो की भारी भीड़ उमड़ी मान्यता है वैशाख माह में भगवान शिव को जल चढ़ाने से जहां सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। और शारीरिक कष्ट दूर होते हैं वैशाख में भगवान शिव को या शिवलिंग पर जल चढ़ाने अथवा गलंतिका बंधन करने का (पानी की मटकी बांधना) विशेष पुण्य बताया जाता है। धर्मशास्त्र में इस माह का विशेष उल्लेख किया गया है जिसके अन्तर्गत चौराहों पर प्याऊ लगाना, छायादार वृक्ष की रक्षा करना, पशु पक्षी के खान-पान की विशेष व्यवस्था करवाना, आध्यात्मिक दृष्टिकोण से भगवान शिव को सतत जलधारा अर्पित करना तथा श्रद्धा से भगवान शिव को संतृप्त करना ये सभी सात्विक कर्म मनुष्य जीवन को आगे बढ़ाने में सहायक होते हैं। साथ ही जल चढ़ाने के माध्यम से पंचतत्त्वों को संतुलित करते हुए मानसिक तथा वैचारिक हिंसा से मुक्ति दिलाते हैं। इस दृष्टि से यह माह विशेष पुण्य फलदायी माना गया है। यही वजह है की पैसा कमा के सोमवार को बांदकपुर धाम ने सुबह से ही जल चढ़ाने के लिए भक्तो की भारी भीड़ रही और भगवान शिव के दर्शन पूजन का विशेष महत्वाकारी वैशाख माह के चलते देवनागरी बांदकपुर का माहोल शिव की भक्ति मय रहा। श्रद्धालुओं ने सुबह से स्नान ध्यान करके भगवान शिव को जल अर्पण करते हुए दान पुण्य किया और भगवान शिव का आशीर्वाद लिया।

## रुक जाना नहीं योजनान्तर्गत आज से अभ्यास कक्षाओं का संचालन शुरू



**दमोह।** रुक जाना नहीं योजनान्तर्गत कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के मार्गदर्शन में दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं में अनुत्तीर्ण हुए छात्रों का पंजीयन कराने के पश्चात से जिले के हाईस्कूल हायर सेकंडरी स्कूल में परीक्षा तैयारी हेतु अभ्यास कक्षाए संचालित की जा रही हैं। यह कक्षाएं 19 मई तक संचालित की जायेगी। इस सबंध में जिला शिक्षा अधिकारी ने चार अकादमिक दलों का गठन किया हैं। हर दल में नेतृत्व कर्ता एक अधिकारी के साथ 04 से 06 विषय विशेषज्ञ शिक्षक ग्रामीण अंचल की शालाओं में जाकर छात्रों को संवधित विषय की तैयारी में सहयोग करेंगे। पहले ही दिन जिला शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार नेमा, सहायक संचालक शिक्षा नन्हें सिंह ठाकुर, एडीपीसी एस के असाटी, ए पी सी मोहन राय के नेतृत्व में गठित अकादमिक दलों ने हाईस्कूल लक्ष्मण कुटी, हायर सेकंडरी स्कूल पटेरा, कुम्हारी, बालक हिंडोरिया, देवडोंगरा, उत्कृष्ट पटेरा, बिल्गुआ, कुम्हारी, मारुताल, खमरिया बिजोरा, तेजगढ़, कन्या तेंदूखेड़ा, बालक तेंदूखेड़ा सहित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अभाना एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नोहटा सहित अनेक शालाओं में जाकर अभ्यास कक्षाओं का अवलोकन किया और छात्रों का मनोबल बढ़ाने के लिए कक्षाओं में जाकर छात्रों से संवाद किया। उन्होंने बताया एमएलबी हटा, लुहारी, कांटी, मारुताल, तेजगढ़, अभाना, उत्कृष्ट पटेरा असंतोष जनक स्थिति मिलने पर प्राचार्य एवं शिक्षकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं।

# टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या बढ़ने से चौकसी बढ़ी, कई जगह लगे बैरियर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

नौरादेही अभयारण्य से वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व बनने व यहां पर बाघों की संख्या बढ़ने के कारण चौकसी बढ़ा दी गई है। यहां से निकली सड़क पर पहले जहां दो चैक पोस्ट हुआ करते हैं तो अब उनकी संख्या बढ़ाकर तीन कर दी गई है जंगली रास्तों पर भी जगह जगह बैरियर लगाकर चैक पोस्ट बनाई गई हैं। रहली सागर जबलपुर मार्ग की 22 किमी सड़क टाइगर रिजर्व होकर निकली है। पहले यहां पर दोनों छोरों पर हिनौती और झापन में चैक पोस्ट था, जहां पर वाहनों की जांच के लिए बैरियर लगाया गए हैं लेकिन टाइगर रिजर्व बनने व बाघों की संख्या बढ़ने से चौकसी बढ़ने के कारण झापन और हिनौती बैरियर के बीच महावीर तिगड्डा पर भी एक चैक पोस्ट और बनाई गई है जहां पर बैरियर लगाकर वाहनों की जांच की जाती है दरअसल अभयारण्य में अब भी 40 से अधिक ग्राम बसे हैं, बसाहट के कारण लोगों का टाइगर रिजर्व में आना-जाना जारी है। जबकि यहां पर बाघों की संख्या 19 से बढ़कर 21 हो गई है। दोनों छोरों की दूरी अधिक है झापन और हिनौती के बैरियरों से बचकर टाइगर रिजर्व में प्रवेश किया जा सकता है या बाहर निकला जा सकता है। जिस कारण टाइगर रिजर्व द्वारा एक चैक पोस्ट और शुरू किया है जिससे वाहनों की जांच की जा सके और टाइगर रिजर्व के अंदर घुसने वाले शिकारियों पर भी नजर बनी रहे जिसके चलते यह चेक पोस्ट शुरू किया गया है

### बाघों की दहाड़ से भयभीत ग्रामीण, गौ-धन को बचाने में जुट जाते है लोग

वही टाइगर रिजर्व के अंदर बसे व सीमाओं से सटे गांव के लोग गर्मियों के दिनों में बाघों की दहाड़ से भयभीत हैं। रात के समय बाघ की दहाड़ सुनाई देने से उन्हें बाघ के गांव में घुसने का अहसास होता है, जिससे वे अपने गौ-धन को बचाने में जुट जाते हैं दरअसल टाइगर रिजर्व में बाघों का विचरण क्षेत्र बढ़ गया है और गर्मियों के दिनों में खुली हवा में घूमते फिरते रहते हैं जहां बाघों ने टाइगर रिजर्व की सीमाओं तक तथा टाइगर रिजर्व के अंदर बसें गांवों के आसपास टेरेटरी बना ली है। ऐसे में इन गांवों में रात ही नहीं दिन में भी बाघ की दहाड़ सुनाई देती है। रात के समय बाघ की दहाड़ सुन ग्रामीण सहम जाते हैं। कई बार बाघ टाइगर रिजर्व से निकलकर इन गांवों के पास भी पहुंच जाते हैं अप्रैल-मई 2018 में लाए गए बाघ-बाघिन को तत्कालीन नौरादेही अभयारण्य की नौरादेही रेंज में छोड़ा गया था। दोनों ने अपनी टेरेटरी नौरादेही, सिंगपुर रेंज में बनाई।बाघों का कुनबा बड़ा तो तीन रेंजों में 50 वर्ग किमी में टेरेटरी बनाई। अब बाघों की संख्या 21 पहुंच गई है, जिसमें वयस्क बाघों की संख्या दस से अधिक है। अब सभी छह रेंजों में बाघ देखे जाते हैं। कुछ गांव ऐसे हैं जिनका विस्थापन नहीं हुआ। इन गांवों के पास भी बाघ पहुंच गए हैं। टाइगर रिजर्व के अंदर बसे सबसे बड़े मुहली गांव में बाघों की दहाड़ दिन-रात सुनाई देती है मुहली के ग्रामीणों ने बताया कि रात में बाघों की आवाज सुनाई देती है। बंदरचुआ के किशन सिंह ने बताया कि बाघ टाइगर रिजर्व की सीमा से निकलकर ग्राम के पास जंगलों तक विचरण करने आते हैं, हमेशा डर बना रहता है कि बाघ गांव में न घुस आए।

### रहली सड़क पार करते नजर आए दो शावक

वहीं रहली-जबलपुर स्टेट हाइवे पर टाइगर रिजर्व क्षेत्र में शनिवार रविवार की रात राहगीरों को दो शावक सड़क पार करते हुए दिखाई दिए जिसे राहगीरों ने अपने कैमरे में कैद कर लिया। जानकारी अनुसार मुहली से झापन के बीच के टाइगर रिजर्व के जंगल में शहपुरा भिटोनी से सागर जा रहे राहुल रजक को शनिवार की रात 12 बजे दो शावक सड़क पार करते हुए सड़क किनारे दिखाई दिए लेकिन कार की लाइट के कारण दोनों शावक जंगल में दौड़ कर भाग गए जिसकी सूचना उन्होंने हिनोती बेरिअल पर दी। दरअसल यह बाघिन एन 112 से जन्में चार शावकों का जंगलों में इस समय मूवमेंट चल रहा है जो कभी नदी किनारे तो कभी खुले जंगल के मैदान में तो कभी सड़क पार करते दिखाई दे रहे हैं और इस क्षेत्र में विचरण कर रहे हैं। अक्सर राहगीरों को रहली सागर जबलपुर स्टेट हाईवे पर बाघ बाघिन और शावकों को सड़क पार करते दिख जाते हैं। जिसके बाद राहगीर बाघ दिखने की सूचना बेरिअल पर देते हैं। बेरिअल पर मौजूद स्टाफ राहगीरों को टाइगर रिजर्व के अंदर चार पहिया वाहन धीमा चलाने एवं हार्न न बजाने की बात कहते रहते है दरअसल टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या 19 से 21 पर पहुंच गई है। अब तक बाघ सिंगपुर सर्रा नौरादेही, ढोंगरगांव, मुहली आदि रेजों में करीब 50 वर्ग किमी एरिया में ही विचरण करते थे जो कि रहली जबलपुर मार्ग सड़क से दस किमी दूर अंदर तक है लेकिन अब बाघ सड़क पार कर दूसरे ओर आ रहे हैं। पिछले चार माह से सड़क के दूसरी ओर के जंगल में बाघ देखे जा रहे हैं और उनकी आवाज सुनाई दे रही है। टाइगर रिजर्व की पहली बाघिन राधा ने भी शावकों को जन्म दिया है और अपना ठिकाना बदल लिया है लेकिन शावकों के जन्म की अधिकारियों द्वारा अभी कोई पुष्टि नहीं की जा रही लेकिन बाघिन राधा चार माह से अपना ठिकाना बदलकर दूसरे एरिया में रह रही है और अन्य बाघों से दूर विचरण करने लगी है।

## अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद की बैठक संपन्न

### भगवान परशुराम के प्रगटोत्सव के संबंध में बैठक में हुई चर्चा

**पन्ना।** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के तत्वाधान में दिनांक 05 मई को बैठक का आयोजन परिषद के जिला अध्यक्ष पंडित राजीव तिवारी के निज निवास शास्त्री भवन में किया गया जिसमें बैठक में सर्वप्रथम विप्रकुल गौरव भगवान परशुराम जी का विधि विधान के साथ पूजा आरती की गई तत्पश्चात बैठक की शुरुआत की गई जिसमें आगामी 10 मई को भगवान परशुराम के प्रगटोत्सव को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाने के लिए कार्य योजना तैयार की गई जिसमें बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 10 मई को पन्ना शहर के बेनीसागर तालाब के पास स्थित क्षीरसागर में सुबह 8रू00 बजे संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन किया जाएगा तत्पश्चात शुभ मुहूर्त पर भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव विधि विधान के साथ मनाते हुए प्रसाद वितरण किया जाएगा साथ ही बैठक में बताया गया कि भगवान परशुराम की शोभा यात्रा के दौरान परिषद के द्वारा शोभा यात्रा का स्वागत किया जायेगा परिषद के जिला अध्यक्ष पंडित राजीव तिवारी ने परिषद के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य गणों से निवेदन किया है कि हमारे आराध्य भगवान श्री परशुराम के प्रगटोत्सव के शुभ अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में पधारे आयोजित बैठक में मुख्य रूप से आर.डी.शुक्ला, राजीव तिवारी, रविंद्र द्विवेदी, कौशलेंद्र पांडेय, एडवोकेट आनंद त्रिपाठी, संदीप चौरहा, आशीष दुबे, दुर्गेश त्रिपाठी, वीरेंद्र त्रिपाठी,बृजेश गौतम, पंकज द्विवेदी, सुनील कुमार पांडे, महेश गंगेले, अजय तिवारी, राकेश तिवारी, पंकज गर्ग, संदीप पांडेय, धीरज चौराहा, अजय बाजपेई, महिला प्रकोष्ठ से रिचा दुबे,मीना तिवारी के साथ काफी संख्या में विप्र समाज के लोग उपस्थित रहे।



## श्रीमद्भागवत कथा में सुनाया गोवर्धन पूजा का प्रसंग

### प्रकृति की पूजा ही परमात्मा की सच्ची पूजा : पं उमाशंकर शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



गढ़ाघाट ग्राम मे चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस पंडित उमाशंकर शास्त्री ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहां की नंद उत्सव के पश्चात भी बधाइयां देने का हर्षोल्लास बना रहा तब कंस के आदेश पर पूतना नाम की राक्षसी अपने स्तनों में जहर लगाकर भगवान कृष्ण को मारने आई। उसे देखकर भगवान ने नेत्र बंद कर लिए पूतना भगवान को उठाकर आकाश मार्ग में ले गई भगवान ने दूध के साथ पूतना के प्राणों को भी पी लिया और उसका उद्धार कर दिया। महाराज जी ने कथा के प्रसंग में श्री राधा जन्मोत्सव भी बड़ी धूमधाम से मनाया और शिक्षा प्रदान की बेटा बेटी में भेद नहीं समझना चाहिए एक समान दृष्टि रखना चाहिए शहनाई उसी के घर बजती है जिसके यहां बेटी का जन्म होता है। प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए बताया कि भगवान ने अघासुर बकासुर धनु का सुर आदि कई राक्षसों का उद्धार किया माखन चोरी लीला का समाज को संदेश दिया कि पहले अपने परिवार को पुष्ट करें फिर विक्रय करें। चीर हरण लीला के अंतर्गत प्रभु ने समझाया कि जलाशय में कभी भी निर्वस्त्र होकर स्नान ना करें ऐसा करने से जल के देवता वरुण देव का अपमान होता है।यमुना जी को कालिया नाग के प्रदूषण से मुक्त कराया और यमुना जल को स्वच्छ किया लेकिन आज कई कालिया उत्पन्न हैं जो भारत देश की स्वच्छ नदियों को प्रदूषित कर रहे हैं आज हमारे देश की नदियां प्रदूषित हो गई हैं समाज को एकजुट होकर नदियों को प्रदूषण से मुक्त कराना चाहिए जिससे वह पहले की भांति स्वस्थ हो जाएं। गोवर्धन पर्वत पूजा करवाई श्री कृष्ण ने ब्रज वासियों से पर्वत पूजा का उद्देश्य भगवान श्री कृष्ण का यही था की प्रकृति की पूजा ही परमात्मा की सच्ची पूजा है। महाराज जी ने बताया कि भगवान कृष्ण का एक नाम वनमाली भी है क्योंकि वह प्रकृति से बहुत स्नेह करते हैं प्रकृति है तो ही संसार है श्री गिरराज महाराज को 56 भोग लगाया गया प्रसाद वितरण किया गया इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

## आचार्य भगवन जन जन के प्राणी मात्र के भगवान है - मुनि श्री निष्काम सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डलपुर

सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर में संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से मुनि श्री निष्काम सागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन देते हुए कहा हमें बोलना आता नहीं ,उतना ज्ञान भी नहीं परंतु आचार्य महाराज का आदेश हुआ कुछ बोलना है हम अपनी बात आपके सामने रखने का प्रयास कर रहे हैं जो अच्छा लगे आचार्य भगवन का समझ लेना और जो त्रुटि लगे अल्पज्ञ समझ कर क्षमा कर देना ।एक संस्कारी गांव था एक साधु के आने की जानकारी गांव वालों को लगी। गांव वालों ने सुना हमारे छोटे से गांव में संत महात्मा पधार रहे हैं तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा ।गांव के लोगों ने उनकी अगवानी हेतु भव्य से भव्य तैयारियां की। गांव वालों ने उनकी भव्य अगवानी की। गांव वालों की अगवानी देखकर उन संत के मुंह से निकल पड़ा ।बड़े से बड़े गांव नगरों में भी हमारी ऐसी अगवानी नहीं हुई जितनी अच्छी अगवानी छोटे से गांव में हमारे लिए लोगों ने की। हाथी ,घोड़ा ,बैलगाड़ी, बैंड बाजे तोरणद्वार ,रंगोली आदि जो तैयारी थी सब गांव के लोगों ने की उनकी अगवानी देखकर संत महात्मा ने मन बनाया कुछ दिन इस गांव के लोगों को देना चाहिए। रास्ते में मन बना रहे थे पहुंचने शाम हो गई गांव वालों ने अतिथि सत्कार किया भोजन आदि की व्यवस्था की और उनको छोड़ दिया। रात में गांव के लोग पहुंचे महात्मा हमें धर्म के बारे में बताइए ।उन महात्मा ने अपनी योग्यता अनुसार गांव के लोगों को उपदेश देना चालू किया और आश्वासन दिया हो सके तो कुछ समय आपके यहां व्यतीत कर सकता हूं ।अब गांव के लोगों ने यथायोग भक्ति दिखाना चालू कर दी। महात्मा का बहुत अच्छे से समय निकलता रहा निकलता रहा ।उनका मन थोड़ा चंचल हो गया कब तक यहां बैठा रहूं गांव में कुछ घूमने फिरने निकल जाऊं। घूमने निकले एक चौराहे की ओर एक गली की ओर जाने मुड़ें जैसे अग्रसर हुए गांव के लोगों ने कहा महात्मा उस गाली की ओर न जाएं। महात्मा ने कहा क्यों हमारा निवेदन है महाराज आप उस और ना जाय। जो भी व्यक्ति उस गली में जाता है लौटकर नहीं आता। काल के गाल में समा जाता है।उन्होंने गांव वालों से प्रश्न किया आप लोग ऐसा क्यों बोल रहे हैं गांव वालों से प्रति प्रश्न किया आखिर ऐसा क्यों बोल रहे हो वहां इतना क्या है



।वहां रास्ते में बहुत बड़ा कुंआ है कुआं के पास वृक्ष है वृक्ष में सांप की बहुत बड़ी बामी बनी हुई है ।उसके अंदर बहुत बड़ा नागराज है ।जो वहां आने वालों की जीवन लीला समाप्त कर देता है ।साधु तो साधु उन्होंने मन बना लिया उधर से ही जाएंगे ।लोगों ने काफी प्रयास किया नहीं माने साधु हटी हो गए कौन रोक सकता उन्हें। इस रास्ते से जाने का मन बना लिया और आगे जाकर देखते हैं एक बड़ा नाग राहगीर की राह देख रहा है ।साधु के पहुंचते ही नाग ने देखा यह तो संत महात्मा है और उन्हें उच्चासन पर बिठाया। संत ने देखा गांव के लोग कुछ और बोल रहे थे कि नाग का स्वभाव दूसरा निकला ।दोनों ने आपस में चर्चा की संत ने कहा तुम गांव के लोगों को क्यों परेशान करते हो। आसपास के गांव के लोग काफी गरीब हैं यह रास्ता गांव वालों का मुख्य रास्ता है आपके कारण लोगों का आना-जाना नहीं होता। लोगों का व्यापार ठप्प हो गया है। आपको ऐसा करना शोभा नहीं देता। नागराज ने कहा मैंने कभी लोगों को परेशान नहीं किया गांव के लोग मुझे देखकर पत्थर मारते हैं मेरे शरीर को जीर्ण-शीर्ण कर देते हैं तो मुझे काटना पड़ता है। महात्मा ने कहा एक बार फुसकार लगा दोगे सब डर कर भाग जाएंगे काटने की जरूरत नहीं पड़ेगी। नागराज ने उनकी बात मान ली और बामी में चले गए ।महात्मा वापस गांव में आए लोगों को उनके चेहरे की प्रशंसा देखकर खुशी हुई। गांव वालों ने महात्मा से पूरा वार्तालाप सुनकर प्रसन्न हुए ।अब नागराज किसी को नहीं कटेगा सब अपना व्यापार अच्छे से कर सकेंगे ।गांव से कुछ समय में संत महात्मा दूसरे गांव चले गए कुछ समय निकलने के बाद पुनः महात्मा उसी गांव में आए और उसी रास्ते से कुएं के पास पेड़ के नीचे बामी के बाहर बैठे नागराज की दशा देखकर उनकी जीर्ण-शीर्ण हालत देखकर पूछा यह कैसे हुआ ।नागराज ने बताया गांव के लोग बच्चे यहां से निकलते हैं तो मुझे डंडे मारते पत्थर मारते मैंने ना काटने का नियम आपसे लिया था इस कारण हमारी यह दशा हो रही है। महिलाएं तो मेरे साथ बहुत बुरा बर्ताव करती हैं ।महात्मा ने कहा मैंने काटने को नहीं कहा था पर फुसकार देने को बोला था ।तुम भूल गए फुसकारना और यह तुम्हारी दशा हुई।जब बुंदेलखंड में धर्म के नाम पर कुछ नहीं था तब एक साधक ने यहां आकर लोगों को संस्कारित कर दिया पूरे देश में बुंदेलखंड का नाम कर दिया और तो और कुंडलपुर में जो देखने मिल रहा है वह सब विद्यासागर जी महाराज की महती कृपा है ।अब बड़े बाबा का दर्शन करने दूर-दूर से लोग आ रहे हैं। 2019 में आचार्य भगवन का चातुर्मास नेमावर में चल रहा था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दूसरे नंबर के महोदय गोपाल कृष्ण जी वहां आए मोहन भागवत जी ने भेजा था आचार्य श्री के दर्शन करने जाय और अयोध्या में जो रामलला का मंदिर बन रहा है उसके बारे में चर्चा करके आए। आचार्य श्री ने उनसे कहा था राम भगवान तो पूरे भारत क्या विश्व के हैं उनका मंदिर बड़ा बनना चाहिए आप कुंडलपुर जाए वहां का मंदिर देखकर आए और रामलला का जो भव्य मंदिर बना है वह बड़े बाबा के मंदिर के अनुरूप निर्माण किया गया। आचार्य भगवन जन जन के प्राणी मात्र के भगवान हैं।

## सेन समाज ने धूमधाम से मनाया संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती



**जबेरा।** जबेरा नगर सर्वसेन समाज ने संत शिरोमणि सेन महाराज की 724 वा जन्मोत्सव हर्षोल्लाह उसके साथ मनाया। सर्वप्रथम संत शिरोमणि सेन महाराज की छवि माल्यार्पण करते हुए हवन पूजन के साथ संगीतमय भव्य महा आरती का आयोजन किया गया। तत्पश्चात सेन समाज सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया गया इस अवसर पर संत शिरोमणि सेन महाराज की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसका जगह-जगह ग्राम वासियों द्वारा स्वागत बंधन अभिनंदन किया गया शोभायात्रा में शामिल महिला पुरुषों और बच्चों को शीतल पेयजल व्यवस्था नगर वासियों के द्वारा की गई। सेन समाज के द्वारा सभी नगर वासियों का आभार व्यक्त किया। शिक्षा एवं कला क्षेत्र अन्य विधाओं में समाज का नाम रोशन करने वाली प्रतिभाओं का शील्ड मेडल और प्रमाण पत्र देकर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाव सिंह लोधी द्वारा सम्मानित किया गया। समाज के बाहर से आए हुए कलाकारों द्वारा संत शिरोमणि सेन महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए सुंदर प्रस्तुतियां दी गई। बीते वर्ष की तरह इस वर्ष में कला संगीत के क्षेत्र में समाज का नाम रोशन करने वाले भाई श्याम सेन बेगाना की स्मृति चिन्ह और शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। सर्व सेन समाज के उपस्थित जनों का धन्यवाद रूपेश सेन के द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन सेन समाज जबेरा ब्लॉक अध्यक्ष जयंत रिंकू सेन व आभार प्रकट शिक्षक सोहन सेन चंद्रिका सेन के द्वारा व्यक्त किया गया।

## खबर संक्षेप

### मतगणना की तैयारियों के संबंध में बैठक आज

**दमोह।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत 07-दमोह संसदीय क्षेत्र के मतदान समाप्ति पश्चात मतगणना की तैयारियों के संबंध में बैठक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में आज 07 मई को शाम 04 बजे से कार्यालय कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने समस्त संबंधित अधिकारियों से बैठक में उपस्थित होने कहा है।

### भगवान नमीनाथ का मोक्ष कल्याणक आज

**कुंडलपुर।** सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र जैन तीर्थ कुंडलपुर में जैन धर्म के 21वें तीर्थंकर भगवान श्री नमीनाथ जी का मोक्ष कल्याणक महोत्सव 7 मई को पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के चतुर्विध संघ के सानिध्य में धूमधाम से मनाया जाएगा ।इस अवसर पर प्रातः भक्तांमर महामंडल विधान ,पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक ,शांति धारा ,पूजन विधान होगा । इस अवसर पर अत्यंत भक्ति भाव पूर्वक निर्वाण लाडू चढ़ाया जाएगा ।आचार्य श्री का पूजन ,मुनि श्री के प्रवचन, मुनि संघ एवं आर्यिका संघ की आहार चर्या होगी। सांयकाल भक्तांमर दीप अर्चना एवं पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महा आरती होगी।

### राजकुमारी मिश्रा का निधन

**दमोह।** एसपीएम नगर निवासी सेवानिवृत्ति प्रधान अध्यापक हरिशंकर मिश्रा की पत्नी एवं कृषि उपज मंडी दमोह में पदस्थ सुनील मिश्रा तथा स्वर्गीय कमलेश मिश्रा की मां श्रीमती राजकुमारी मिश्रा 81 वर्ष का निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार में समाज के सभी वर्ग के लोगों ने भाग लेकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### केरवना में कुएं में मिले भाई बहिन के शव मामले में सनसनीखेज खुलासा

# पति से विवाद के कारण पत्नि ने अपने दो मासूम बच्चों को फेंक दिया था कुएं में

### बच्चों की हत्या के आरोप में माँ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



क्या कोई मां इतनी भी निष्ठुर हो सकती है कि पति से झगड़े का बदला लेने के लिए अपनी ही ममता का गला घोंटने में संकोच नहीं करे। पति साथ में शादी में न जाए तो उसे सबक सिखाने के लिए बच्चों को कुंए में फेंक ने के बाद रिश्तेदारों के यहां आराम से घूमती रही। यह कोई फिल्मी कहानी नहीं बल्कि दमोह जिले के बटियागढ़ थाना अंतर्गत केरबना क्षेत्र में एक कुएं में मिले दो मासूम बच्चों की मौत से जुड़ा वह खुलासा है जो पुलिस जांच के बाद सामने आया है। पुलिस ने मासूम बच्चों की मौत के मामले में उनकी ही मां जिसका नाम दसोदा बताया गया है के ऊपर हत्या का मामला दर्ज करके हिरासत में ले लिया है। एसपी श्रुत कीर्ति सोमवंशी ने बताया कि 4 मई 2024 को केरवना ग्राम के कोटवार ने एक कुएं में दो बच्चों के शव पड़े होने की सूचना दी थी। जिनको निकलवाने के बाद इनकी पहचान सुनवाहा बक्सवाहा निवासी रज्जू लोधी की 11 साल की बेटी वैशाली तथा 5 साल की बेटी ईशांत के रूप में हुई थी। चार-पांच दिन पुराने शवों के मिलने के बावजूद परिवार द्वारा इन बच्चों की गुमशुदगी की कोई सूचना दर्ज नहीं कराई गई थी। मामले में पिता रज्जू लोधी का कहना था कि पत्नी दशोदा बाई 30 अप्रैल को अपने मायके सेमरा बंडा जाने के लिए तीनों बच्चों को साथ में लेकर बस से निकली थी। इधर दसोदा बाई चार-पांच दिन तक रिश्तेदारी में यहां वहां जाती रही लेकिन उसने भी बच्चों के बारे में किसी को कोई जानकारी नहीं दी। बटियागढ़ थाना प्रभारी नेहा गोस्वामी ने बताया कि बच्चों की मां दसोदा बाई पर शंका होने पर जब पूंछताछ की गई तो उसके द्वारा दोनों बच्चों को कुएं में धक्का देकर गिरा देने की बात स्वीकार की गई। अपने ही बच्चों की प्रति इस तरह के क्रूर बर्ताव की वजह उसका पति से हुआ विवाद बताया जा रहा है। दरअसल 26 अप्रैल को यशोदा ने अपने पति रज्जू लोधी से भतीजी की शादी में साथ में चलने को कहा था लेकिन रज्जू ने इनकार कर दिया था जिस पर उसने गुस्से में आकर बड़ा कदम उठाने की बात कहते हुए पछताने की बात बोली थी। उस समय तक पति को यह पता नहीं था कि ग़ुस्सेल पत्नी इतना खतरनाक कदम उठा लेगी। उसके बाद 30 अप्रैल को सेमरा जाने के लिए बस से निकली तो केरवना में बस से वह बच्चों के साथ उतर गई। गोदी वाले बच्चों को आज साथ में लिए रही जबकि बड़ी बेटी और बेटे को उनके पास ले जाकर धक्का देकर गिरा कर वापस आ गई और रिश्तेदारी में घूमती रही। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में मामले के पर्दाफाश तथा आरोपियों की गिरफ्तारी में बटियागढ़ थाना पुलिस से निरी. नेहा गोस्वामी थाना प्रभारी बटियागढ़ , उप.निरी. श्याम सुन्दर दुबे चौकी प्रभारी फुटेरा , सहा.उप.निरी. पवन तिवारी चौकी प्रभारी केरबना , प्र.आर. ऋषभ जैन, आर. संदीप विश्वकर्मा, आर. सूर्या सिपौल्या, आर. अक्षय मिश्रा, आर. नरेन्द्र सिंह, म.आर. सोनम लोधी, ग्रा.र.स. डाल सिंह की अहम भूमिका रही।

# बटियागढ़ महाविद्यालय में नहीं है पेयजल व्यवस्था, छात्र सहित प्रोफेसर भी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बटियागढ़

जिले के बटियागढ़ में स्थित माता सावित्री बाई फुले महाविद्यालय में लगभग 400 छात्र छात्राओं के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं है। ऐसा तब है जबकि इस भीषण गर्मी में जब तापमान 42 डिग्री पहुंच रहा है। ऐसे में छात्रों और प्रोफेसर का कहना है कि इस तरह छात्र कैसे पढ़ेंगे और कैसे आगे बढ़ेंगे। इन्हीं सब कारणों को ध्यान में रखते हुए, दिनांक 3 मई 2024 दिन शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बटियागढ़ ने सेवार्थ विद्यार्थी महाकौशल दमोह इकाई बटियागढ़ के माध्यम से सावित्री बाई फुले महाविद्यालय बटियागढ़ में जल मंदिर बनवाया गया। और ठंडे पानी के भरे मटके रखवाये गये। ताकि सभी छात्र और महाविद्यालय का स्टाफ इस भीषण गर्मी में ठंडा पानी पी सके। महाविद्यालय के प्रभारी प्रिंसिपल भूपेंद्र की तानाशाह के चलते अभी तक यहां पानी की कोई व्यवस्था नहीं थी। उनका कहना था कि सभी अपने घर से पानी की बाटल लेकर आए और उसी को पिये। छात्रों और महाविद्यालयीन स्टाफ का आरोप है कि पीने का जो पानी है वो इतना गर्म है कि उसे पीया नहीं जा सकता। जब छात्रों को पढ़ाकर आते हैं तो गला सूख जाता है। समस्या को लेकर कई बार कॉलेज प्रभारी को पहले भी शिकायत दी गई है, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। गर्म पानी पीने से छात्रों और महाविद्यालय के स्टाफ के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। ऐसे में इन समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द जरूरी है। मीडिया के माध्यम से छात्रों और महाविद्यालयीन स्टाफ की मांग है की महाविद्यालय की पानी की समस्या के साथ अनेकों समस्याएं हैं जिनका निराकरण संबंधित अधिकारियों द्वारा कराया जाये। एवं माता सावित्री बाई फुले महाविद्यालय बटियागढ़ के प्रभारी प्रिंसिपल को यहां से हटाकर कर कोई और प्रिंसिपल जो महाविद्यालय के विकास में कार्यो में अपनी अहम्‌ भूमिका निभायें। एवं छात्रों और महाविद्यालयीन स्टाफ की हर समस्या का उचित समाधान करें।

## भगवान की वस्तुओं को उन्हे समर्पित कर जीवन मुक्ति प्राप्त करता हैः अरविंद व्यास

**बनवार।** बम्होरी माला कालोनी मुंहल्ला में श्रीमद् भागवत कथा चल रही है। चतुर्थ दिवस पर कथा वाचक अरविंद व्यासने बताया कि जब जब



धर्म पर विपदा आती है तो उस विपदा को दूर करने के लिए तब तब भगवान का अवतार होता है। पुराणों के अनुसार, भगवान विष्णु के दो भक्त जय और विजय शापित होकर हाथी व मगरमच्छ के रूप में धरती पर उत्पन्न हुए थे। पौराणिक कथाओं के अनुसार गंडक नदी में एक दिन कोनहारा के तट पर जब हाथी पानी पीने आया तो मगरमच्छ ने उसे पकड़ लिया। फिर हाथी मगरमच्छ से छुटकारा पाने के लिए कई वर्षों तक लड़ता रहा। इसके बाद वामन अवतार प्रसंग में बताया कि हमारे पास जो है वह सब कुछ भगवान का ही है। भगवान की वस्तुओं को भगवान को समर्पित कर जीवन मुक्ति को प्राप्त कर सकता है। जिस प्रकार महाराज बलि ने सब कुछ भगवान वामन को समर्पित कर भगवान को ही प्राप्त कर लिया।

# मुरम के नाम पर डाली गई खेतों की मिट्टी



### घटिया स्तर की सामग्री से किया जा रहा सड़क निर्माण कार्य

**हटा।** लोक निर्माण विभाग द्वारा पाली ग्राम पंचायत के खडपुरा गांव से मुख्य मार्ग तक 3 करोड़ की लागत से 3 किलोमीटर की सड़क के निर्माण कार्य मैं ठेकेदार नन्ना कंट्रेक्शन पैरवारा द्वारा जमकर अनियमिताएं बरती जा रही हैं जिससे सरकार की गारंटी पर प्रश्न चिन्ह लगाया जा रहा है। दरअसल इस गांव में बरसों पुरानी ग्रामीणों की यह मांग पूरी होने के बाद इस सड़क से जुड़े ग्रामीणों में उत्साह का माहौल था लेकिन सड़क निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा इस कदर गुणवत्ताहीन सामग्री का प्रयोग किया गया है की सड़क कुछ ही समय में चलने लायक भी नहीं बचेगी।

स्थिति है कि सड़क व पुल पुलियाओं का निर्माण कार्य जहां बिना मापदंड के बेहद घटिया व निम्न स्तर का किया गया है इसके चलते जहां सड़क पुलियों की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। ग्रामीण का कहना है की निर्माण कार्य निर्धारित मापदंड के अनुसार नहीं किया जा रहा है उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण में प्रयुक्त गिट्टी डस्ट चूरी आदि सामग्री निम्न स्तर की उपयोग की गई डामर के नीचे घटिया क्वालिटी का बेस बनाया गया है मिट्टी युक्त गिट्टी डालकर बेस तैयार किया गया उसी पर डामर की परत बिछाई गई है। वहीं सड़क में बनाई गई पुलियों में अभी से दरार पड़ने लगी है।

वह भी निम्न स्तर की नाममात्र की है। इसी प्रकार सीमेंट कंक्रीट व पुलियों के निर्माण में जिस सामग्री का उपयोग किया गया वह भी निर्धारित मापदंड की नहीं है इसमें महानदी की रेत का उपयोग महज दिखावे के तौर पर ही किया गया है रेत की बजाय सफेद डस्ट का उपयोग किया गया है। साथ ही पर्याप्त समय तक उनकी तराई भी नहीं की गई है ऐसे में इनकी गुणवत्ता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

### सड़क के साइड की गई भरवाई

लोक निर्माण विभाग द्वारा नन्ना कंट्रेक्शन पैरवारा द्वारा बनाये जा रहे तीन करोड़ की लगत से 3 किलोमीटर सड़क निर्माण में कई अनियमिताएं बरती गई है जिसमें सड़क के दोनों और मुरम के स्थान पर मिट्टी से पुराई की गई है जहां पास में ही सड़क किनारे एक खेत में अवैध उत्खनन कर परिवहन किया गया। हाल ही में सड़क पर वाहनों की क्रॉसिंग के दौरान धूल के गुब्बार उड़ते दिखाई दे रहे हैं और अभी यह हाल है तो बरसात में क्या स्थिति होगी इसका आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है।

### इनका कहना है

निर्माणाधीन हो रही सड़क का निरीक्षण कर उपयंत्री से जांच कराता हूं यदि मापदंड के अनुसार कार्य नहीं किया गया है तो संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

आईडी पाठक
एसडीओ पीडब्ल्यूडी हटा

# हाकी टीम ने महाराष्ट्र को एक गोल से हराया



**दमोह।** हॉकी इंडिया द्वारा आयोजित पहली महिला लीग हॉकी प्रतियोगिता रांची मे खेली जा रही है। कल रात खेले गये रोमांचक मैच मे हॉकी मध्य प्रदेश ने एन आई एस कोच सरोज राजपूत एवम नेहा रावत की रणनीति से हॉकी महाराष्ट्र को दो एक गोल से पराजित किया। हॉकी दमोह के विकास जैन ने बताया कि हॉकी मध्य प्रदेश से आंचल साहू स्वेता ने गोल किये। हॉकी मध्य प्रदेश ने हॉकी महाराष्ट्र से पिछले टूर्नामेंट की हार का हिसाब बराबर कर लिया। विदित हो कि टीम मे दमोह की रितिका भी है। टीम की विजय पर पूर्व मंत्री जयंत मलैया डा अजय लाल, लोक बहादुर, महासचिव विजय वर्मा, उपाध्यक्ष ललित नायक, कोषाध्यक्ष जगेनदर तोमर, हरिशंकर, राजेश आभा, रोहित, भगवान सिंह, विजय कफील, आरिफ फैयाज, तरूण असार, विवियन इमरान आदि ने शुभकामनायें दी।

# खेत में पानी देते समय किसान को लगा करंट, मौत

**तेन्दूखेड़ा।** सोमवार की सुबह तेजगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत माडनखेड़ा में एक किसान को खेत में पानी देते समय करंट लगने से उसकी मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है। जहां परिजन वृद्ध को इलाज़ के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेन्दूखेड़ा लेकर पहुंचे जहां डाक्टरों द्वारा मृतक घोषित कर दिया प्राप्त जानकारी अनुसार कल्लू सींग पिता विश्राम सींग लोधी उम्र 55 वर्ष अपने खेत में सुबह पानी चला रहा था उसी समय मोटर पंप बंद करते समय करंट की चपेट में आ गई। जहां खेत में मौजूद मृतक के छोटा भाई बहादुर सिंह लोधी ने देख लिया। जहां वह परिजनों के साथ कल्लू सींग लोधी को इलाज़ के तेन्दूखेड़ा लेकर पहुंचे जहां डाक्टरों द्वारा मृतक घोषित कर दिया। जहां घटना की जानकारी तेजगढ़ पुलिस को दी गई जहां तेजगढ़ पुलिस तेन्दूखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शव परिजनों को सुपुर्द किया गया पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मॉडल विद्यालय जबेरा का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर महोदय द्वारा जबेरा सीएम राइज विद्यालय मैं चल रहे समर कैंप का निरीक्षण किया गया । जिसमें समर कैंप में बच्चों द्वारा की जा रही विभिन्न गतिविधियों जैसे मंडाला आर्ट ,मधुबनी आर्ट , वर्ली आर्ट. क्ले आर्ट , वाटर ग्लास आर्ट , वेस्ट मटेरियल क्राफ्ट,बाला पेंटिंग, चुनाव नाटिका ,लोक संगीत गायन आदि कलाओं को बहुत बारीकी से देखा और बच्चों की सराहना की ।वहीं विद्यालय में भ्रमण के दौरान, करियर काउंसलिंग कक्ष , उमंग किशोर कक्ष, प्रयोगशाला कक्ष, प्राथमिक एफ एल एन कक्षाओं के साथ विद्यालय मे आयोजित विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया वहीं विद्यालय प्रांगण मे आयोजित शतरंज, कबड्डी, क्रिकेट, वालीवाल, बैडमिंटन आदि खेलों की भी सराहना की । कलेक्टर महोदय से विद्यालय के छात्रों द्वारा संवाद भी किया गया ।वहीं कलेक्टर महोदय द्वारा शिक्षकों को भी मार्गदर्शन दिया गया उन्होंने कहा की सभी शिक्षकों का फोकस कमजोर छात्रों के साथ भाषा वाले विषयों पर होना चाहिए । आईटी, हिन्दी, और अंग्रेजी विषयों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने विद्यालय मे बन रही नई इमारत का निरीक्षण कर जायजा लिया और तहसीलदार विवेक व्यास को निर्देश दिए कि निर्माण मे आने वाली समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए । इस अवसर पर विद्यालय मे प्राचार्य संजय बाजपेई उपप्राचार्य अजय सिंघई के साथ शिक्षक उमेश शर्मा , रामकिशोर शर्मा पप्पू राय .मुकेश नामदेव . प्रमोद अहिरवार . सुखनंदन साहू . माखनलाल साहू . महेशसाहू .सुनील बाजपेई . मुन्नी ठाकुर अर्चनाखरे . कीर्तिराय विभातिवारी अंजली सोनी साक्षी जैन . प्रज्ञाजैन सेतुजैन कीर्ति अवस्थी . वर्षाखरे . सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# निसई संस्कार शिविर में हुई ज्ञान वर्धक प्रतियोगिता





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

श्री तारण तरण दिगंबर जैन अतिशय तीर्थ क्षेत्र निसई जी सुखा जी में बाल संस्कार शिविर का आयोजन किया जा रहा है शिविर संयोजक भूपेंद्र जैन ने बताया सात दिवसीय संस्कार शिविर में प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत विभिन्न ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताएं आयोजित हो रही हैं। जिसमें खोजो तो जानो प्रश्न मंच भजन प्रतियोगिता खुल जा सिम सिम चित्रकला प्रतियोगिता अंतराक्षरी आदि के माध्यम से बच्चों में तारण पंथ के संस्कारों को आरोहित किया जा रहा है। ऐसे ही चित्रकला प्रतियोगिता के अंतर्गत बच्चों ने तारण स्वामी से संबंधित विभिन्न प्रश्न एवं उत्तर और उनसे संबंधित बेदी जी के चित्रों को कागजों पर उकेरा गया। किसी ने सेमलखेड़ी की की बेदी जी और गुफाओं का चित्र बनाया किसी ने बेतवा नदी के टापू , सूखा तीर्थ का चित्र बनाया। साथ ही उससे संबंधित विभिन्न जानकारियां भी लिखी जो की समस्त शिवरार्थियो के साथ-साथ आगंतुक अतिथियों के लिए भी रुचि पूर्ण रही। उक्त कार्यक्रम में शिविर संयोजक भूपेंद्र जैन मंत्री के जैन, संतोष जैन, पप्पू पटेरा, रमेश जैन पथरिया, आशीष तरण पथरिया, शरद जैन, सोनू पथरिया, वीरेंद्र जैन दमोह, अमित जैन अंतू ,प्रकाश जैन बटियागढ़ पारस जैन मंगरोन, संगीत तारण, राजेश जैन, महेंद्र जैन, राहुल जैन पथरिया, बाबू भाई तेंदूखेड़ा आदि युवा साथीयो के सहयोग से विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित हो रही हैं।

# सास-बहु सम्मेलन में बताए गए सीमित परिवार के फायदे

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी ने परिवार कल्याण जागरूकता रथ को सीएमएचओ कार्यालय परिसर से हरी झंण्डी दिखाकर रवाना किया। सी.एम.एच.ओ. डॉ. बेक ने बताया सभी विकासखंडो में परिवार नियोजन के अस्थाई/स्थाई साधनों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उदेश्य से जागरूकता रथ भ्रमण करेगा। उन्होंने बताया जिले के हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर एवं उपस्वास्थ्य केंद्रो पर सास-बहु सम्मेलन आयोजित किये जा रहें। इसी क्रम में पटेरा ब्लॉक के देवडोंगरा ग्राम में प्रचार रथ के पहुँचने पर कार्यरत मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं सीएचओ आफताब अली, आशा सुपरवाईजर आकांक्षा श्रीवास्तव ने जागरूकता रथ की आगवानी की। बी.ई.ई. प्रमोद तंतुवाय एवं बी.सी.एम. मामता गुप्ता के मार्ग दर्शन में सम्मेलन मे शामिल सास-बहु को परिवार नियोजन के अस्थाई और स्थाई साधनों के बारे में जानकारी देते हुए गुब्बारे खेल-खेल के माध्यम से दो बच्चों में अतंर रखने में उपयोगी अस्थाई परिवार नियोजन साधनों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। पटेरा विकासखंड अंतर्गत आयोजित सम्मेलन में ग्राम चिन्हित नव दपत्तियों को परिवार नियोजन की जानकारी दी गई। दो प्रतिभागियों को नई पहल किट का वितरण भी किया गया। 15 प्रतिभागियों को गुब्बारे खेल के माध्यम से छोटा परिवार सुखी परिवार का महत्व बताया गया। दो प्रतिभागियों को पुरूस्कृत भी किया गया। सीएचओ/आशा सुपरवाईजर ने परिवार नियोजन के साधनों को अपनाने के लिए लोगों को जागरूक किया। सास-बहु सम्मेलन में आशा कार्यकर्ता अपने क्षेत्र से 15 परिवारों की सास-बहु गर्भवती, धात्री माताओं को लेकर पहुंची। इस दौरान सीएचओ द्वारा सुरक्षित गर्भावस्था के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदाय की।

## बाल विवाह सामने आने पर करें शिकायत

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया दमोह जिले की सम्पूर्ण सीमाओं में किसी भी तरह से बाल विवाह निषेध है, लड़के की आयु 21 वर्ष से कम व लड़की की आयु 18 वर्ष से कम होने पर विवाह बाल विवाह माना जाता है। उन्होंने कहा बाल विवाह कराने या उसमे किसी भी तरह से भागीदारी करने वालों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत कानूनी कार्यवाही का सामना करना पड़ेगा, जिसके अंतर्गत 2 वर्ष के कारावास एवं 1 लाख रूपये के जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने बताया बाल विवाह अपराध है। श्री कोचर ने कहा है कही ऐसा मामला हो तो दमोह हेल्पलाइन नम्बर 07812-350300 नम्बर पर भी शिकायत की जा सकती है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री वर्मा ने बताया बाल विवाह रोकथाम हेतु दमोह जिले में 24×7 हेल्प लाइन कार्यालय वन स्टॉप सेंटर दमोह में स्थापित है, जिसका नंबर 07812-229128 है। इसके अतिरिक्त दमोह हेल्प लाइन नंबर 07812-350300 व चाइल्ड लाइन-1098, डायल-100, लोकल पुलिस थाना, संरक्षण अधिकारी दमोह-8602820474, परियोजना अधिकारी जबेरा एवं तेंदुखेडा रिंकल घनघोरिया-8817887644, परियोजना अधिकारी बटियागढ़/पथरिया राजकुमार लड़यिा-7000616188, परियोजना अधिकारी दमोह ग्रामीण एवं पटेरा कैलाश राय-9131613767, परियोजना अधिकारी शहरी सुलेखा ठाकुर-8982822781 एवं परियोजना अधिकारी हटा शिव कुमार राय के मो.नं.-6260187867 पर संपर्क कर सूचना दी जा सकती हैं। सूचना देने वाले का नाम एवं नंबर पूर्णतः गोपनीय रखा जायेगा।

### केवट जयंती की तैयारियों को लेकर बैठक आज

**दमोह।** 15 मई 2024 केवट जयंती की पूर्व संध्या पर दिनांक 14/05/2024/ को जिला रायकवार माझी समाज दमोह के द्वारा केवट संदेश बाहन रैली का आयोजन किया जाना है जिसकी तैयारियों को लेकर समाज की बैठक 07/05/2024 की शाम 08 बजे स्थानीय मछली मार्केट दमोह में आयोजित की गई है। समाज के समस्त स्वजातीय बंधुओं से अपील है कि बैठक में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर बैठक को सफल बनायें।